# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 07.01.2026 (दोपहर – 1455 बजे)

केंद्रीय राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे आज धनबाद पहुंचीं, जहां उन्होंने खान सुरक्षा महानिदेशालय के 125वें स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योग तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कार्यों और खनन सुरक्षा के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

*******************

रांची के कोकर में मीडियाकर्मियों पर हुए हमले पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने शहर की बिगड़ती कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक हफ्ते में दो हत्याओं के बाद अब पत्रकारों पर हमला पुलिस की विफलता है। उन्होंने दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

*******************

रांची के गेतलसूद डैम पर निर्माणाधीन वाटर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का कार्य 60 प्रतिशत पूरा हो गया है। स्थानीय सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने निरीक्षण के बाद बताया कि 437 करोड़ रुपये की यह योजना अंतिम चरण में है। इससे रांची को जीरो कट बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

*******************

लोहरदगा–रांची रेलखंड पर कोयल नदी पुल का पिलर क्षतिग्रस्त होने से ट्रेनों का परिचालन बाधित है। सुरक्षा कारणों से रांची मेमू ट्रेन अब केवल इरगांव स्टेशन तक चल रही है। रांची रेल मंडल की सीनियर डीसीएम शुचि सिंह ने आज लोहरदगा क्षेत्र का दौरा करने के बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए रेलवे ने इरगांव से लोहरदगा तक मुफ्त बस सेवा और बुनियादी सुविधाएं शुरू की हैं।

*******************

100 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन मामले की जांच के लिए सीबीआई की एक विशेष टीम साहिबगंज पहुंची हुई है। छह सदस्यीय सीबीआई टीम साहिबगंज के मंडरो और नीबू पहाड़ जैसे क्षेत्रों में अवैध रूप से निकाले गए खनिजों का मूल्यांकन कर रही है। टीम द्वारा स्थानीय खनन कार्यालय और क्रशर साइटों में महत्वपूर्ण दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

*******************

जामताड़ा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाना है।

*******************

चतरा जिले के सभी पशुपालकों के लिए जिले की 152 पंचायतों में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में 9 से 11 जनवरी तक प्रथम पूर्वी सिंहभूम साहित्य उत्सव आयोजित किया जायेगा। धालभूम एसडीओ अर्नव मिश्रा ने बताया कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति और जनजातीय विरासत के संरक्षण के लिए जिला प्रशासन की पहल है। इसमें देश–विदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकार और विचारक शामिल होंगे।

*******************

रांची समेत राज्यभर में कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावितक हुआ है। ठंड और कोहरे के कारण न सिर्फ रेल परिचालन पर व्यापक असर पड़ा है बल्कि सड़क यातायात भी प्रभावित हो रहा है। कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। दूसरी तरफ हावड़ा–दिल्ली मेन लाइन पर कोडरमा होकर गुजरने वाली तकरीबन एक दर्जन ट्रेने भी 8–10 घण्टे विलम्ब से चल रही है। इसमें राजधानी एक्सप्रेस समेत अन्य एक्सप्रेस ट्रेने भी शामिल हैं।

*******समाप्त********